# बिहार सरकार

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2024/07 दिनांक- 10.10.2024

## बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2024 [B.C.E.C.E. (L.E.)-2024] के आधार पर बिहार राज्य के विभिन्न सरकारी / निजी अभियंत्रण संस्थानों के स्नातक अभियंत्रण डिग्री पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में नामांकन हेतु Offline Mop-up कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार से सम्बन्धित सूचना

**1.** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]-2024 के आधार पर बिहार राज्य के विभिन्न सरकारी / निजी अभियंत्रण स्नातक स्तर (Degree) पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में नामांकन हेतु विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2024/04 दिनांक- 02.08.2024 द्वारा प्रकाशित मेधासूची में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों, सम्बन्धित संस्थानों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में नामांकन हेतु द्वितीय चक्र कॉउन्सेलिंग उपरांत शेष रिक्तियों की Seat Matrix से सम्बन्धित विवरणी यथा; संस्थानवार / पाठ्यक्रमवार / कोटिवार Seat Matrix पर्षद के **Website: bceceboard.bihar.gov.in** पर उपलब्ध करा दी गयी है। **इन सीटों को भरने हेतु Offline Mop-up Counselling होगा।**

**2.** उपरोक्त कंडिका-1 के अनुसार रिक्तियों के विरूद्ध Mop-up कॉउन्सेलिंग के आधार पर पाठ्यक्रम / संस्थान आवंटन हेतु विज्ञापन सं- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2024/04 दिनांक- 02.08.2024 द्वारा पर्षद के वेबसाईट पर upload किये गए मेधासूची [जिसे अभ्यर्थी website के Home page पर "Rank Card of BCECE (LE) [Engg.]-2024" Link पर Click करने के बाद अपना Roll No. एवं जन्म तिथि डालकर अपना Rank Card Download कर प्राप्त कर लें] में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी Willingness देने हेतु योग्य हैं।

उक्त Mop-up कॉउन्सेलिंग में भाग लेने हेतु BCECE(LE)-2024 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों, चाहे वे पूर्व की online कॉउन्सेलिंग के आधार पर नामांकित हों या न हों, से Offline Mop-up Counselling में भाग लेने हेतु Online Willingness आमन्त्रित किये जाते हैं। **Online Willingness दिनांक 15.10.2024 से दिनांक 18.10.2024 तक प्राप्त किये जायेंगे।** मेधाक्रम सहित साक्षात्कार कार्यक्रम पर्षद की वेबसाईट पर दिनांक **19.10.2024** को उपलब्ध करा दिया जायेगा। उपरोक्त अनुसार Mop-up कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम निम्नवत् है;

| Sl. | Time Schedule | | Date & Time |
|---|---|---|---|
| i. | Date for Online Willingness for attending MOP-UP Counselling | : | **15.10.2024 to 18.10.2024** |
| ii. | Publication of Counselling Programme | : | **19.10.2024** |
| iii. | Starting date of Counselling | : | **To be published later on.** |

**3.** **Offline Mop-up Counselling पर्षद कार्यालय, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 में आयोजित की जायेगी।**

**4.(क) अभ्यर्थी पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in के Home page पर जाकर "Willingness for BCECE(LE)-2024 Mop-up Round Counselling" link पर click कर प्रावधान के अनुसार निर्देशित जगह पर BCECE(LE)-2024 का अपना रौल नं. एवं जन्म तिथि डाल कर मेधाक्रम की जानकारी प्राप्त कर 'SUBMIT YOUR WILLINGNESS' बटन पर Click करें और उसका प्रिंट निकाल लें जिस पर उसका कोटिवार मेधा क्रम एवं Option ID अंकित होगा । इस प्रिंट को कॉउन्सेलिंग के समय लाना अनिवार्य होगा।**

**(ख) उपरोक्त कंडिका-2 में उल्लिखित प्रक्रियानुसार उपरोक्त कॉउन्सेलिंग में सम्मिलित होने के लिए कंडिका-1 में वर्णित निर्धारित अवधि में अपना Willingness को Online submit करना अनिवार्य है अथवा वे इस** Offline Mop-up Counselling **हेतु अपना दावा खो देंगे।**

**5.** Offline Mop-up Counselling **पर्षद कार्यालय, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 में आयोजित की जायेगी।** उपलब्ध रिक्तियों पर पुनर्आवंटन / नामांकन हेतु साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम दिनांक **19.10.2024** को पर्षद वेबसाईट के माध्यम से दे दिया जायेगा। **Online Willingness देने वाले अभ्यर्थी दिनांक 19.10.2024 को पर्षद के वेबसाईट पर अपलोड किये जाने वाले कार्यक्रम अनुसार ही कॉउन्सेलिंग हेतु शामिल होंगे।**

**6.** वैसे अभ्यर्थी, जो BCECE(LE) [Engg.]-2024 की प्रथम या द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से किसी संस्थान में नामांकित हैं, और संस्थान/ ब्रांच में परिवर्तन चाहते हैं वे भी दिनांक **15.10.2024** से दिनांक **18.10.2024** की अवधि में इस Mop-up कॉउन्सेलिंग हेतु Online Willingness Submit करेंगे, उनके लिए उस सम्बन्धित संस्थान के पाठ्यक्रमों की अद्यतन उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध पुनर्आवंटन (Re-Allotment) की सुविधा रहेगी।

**7.** इस विज्ञापन की कंडिका-2 के अनुसार साक्षात्कार हेतु पात्रता प्राप्त सभी उम्मीदवारों को विवरण पुस्तिका के पृष्ठ-1 एवं 2 में उल्लिखित सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत सभी निम्नांकित मूल प्रमाण पत्र/ दस्तावेज दो स्वसत्यापित छाया प्रतियों के साथ साक्षात्कार के लिये साथ लाना अनिवार्य है:

(i) मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा का (क) मूल प्रवेश-पत्र, (ख) मूल अंक-पत्र तथा (ग) मूल/ औपबंधिक प्रमाण-पत्र (जन्म तिथि प्रमाण हेतु)।

(ii) इंटरमीडिएट / बी.एस-सी. या समकक्ष परीक्षा का (क) मूल प्रवेश-पत्र, (ख) मूल अंक-पत्र तथा (ग) मूल/ औपबंधिक उत्तीर्णता प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)।

(iii) AICTE से मान्यता प्राप्त संस्थान से त्रिवर्षीय डिप्लोमा अभियंत्रण पाठ्यक्रम की परीक्षा का (क) मूल प्रवेश पत्र (Admit Card) (ख) मूल अंक पत्र तथा (ग) मूल / औपबन्धिक उत्तीर्णता प्रमाण पत्र ।

(iv) बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]-2024 का मूल प्रवेश-पत्र (Admit Card) तथा उसमें लगाए गए फोटोग्राफ की छः अतिरिक्त प्रतियाँ।

(v) मूल जाति प्रमाण-पत्र।

(vi) मूल आवासीय प्रमाण-पत्र।

(vii) चरित्र प्रमाण-पत्र।

(viii) विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में वर्णित अन्य प्रमाण-पत्र, जहाँ लागू हों, यथा- विकलांगता कोटा (DQ) हेतु विकलांगता प्रमाण पत्र आदि। आरक्षित कोटि का लाभ लेने वाले प्रत्येक उम्मीदवारों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने मूल निवास के सी. ओ. / राजस्व अधिकारी द्वारा निर्गत मूल जाति प्रमाण पत्र साक्षात्कार / पात्रता सत्यापन के समय अवश्य जमा करें।

(ix) Copy of Aadhar Card

(x) BCECE(LE)-2024 के लिए online किये गये Application Form के Part-A एवं Part-B की Hard Copy

(xi) Rank Card of BCECE(LE)-2024 (Mop-up Counselling)

(xii) The Verification Slip (जाँच-पर्ची) in 2 copies as downloded alongwith Biometric Form in 1 copy साक्षात्कार/ Document Verification के समय साथ लाना अनिवार्य है।

(xiii) **यदि उम्मीदवार का किसी अभियंत्रण संस्थान में नामांकन हो चुका है तो नामांकन शुल्क जमा करने की मूल रसीद / Verification Slip *अथवा* उस अभियंत्रण संस्थान के प्राचार्य से इस आशय का प्रमाण-पत्र, कि उम्मीदवार उस अभियंत्रण संस्थान का Bonafide छात्र है और उसके सभी मूल प्रमाण-पत्र उस अभियंत्रण संस्थान के कार्यालय में जमा हैं, लाना अनिवार्य है । प्राचार्य के प्रमाण पत्र में उम्मीदवार का BCECE(LE)-2024 का रौल नं., मेधा क्रम तथा कोटि जिसके अन्तर्गत उसका नामांकन हुआ है, का भी उल्लेख रहना चाहिये।**

**8.** कॉउन्सेलिंग / Document Verification की तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता [विवरण पुस्तिका की कंडिका-9.1(क)] के अनुसार उत्तीर्णता आवश्यक है अन्यथा वे नामांकन के हकदार नहीं होंगे।

**9.** आरक्षण के लागू प्रावधानों के अनुसार आरक्षित वर्गों के जो उम्मीदवार सामान्य कोटि (Unreserved [UR]) की मेधा-सूची में सम्मिलित हैं, उनके रौल नम्बर सामान्य (Unreserved [UR])कोटि की मेधा-सूची में तथा साथ ही उनकी संबंधित आरक्षित कोटि की मेधा- सूची में भी अंकित हैं। ऐसे उम्मीदवारों को नियमानुसार यह सुविधा रहेगी कि वे संस्थान/ पाठ्यक्रम के चुनाव में सामान्य कोटि (Unreserved [UR]) के मेधा क्रमांक पर कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार में अपनी आरक्षित कोटि का लाभ स्वेच्छानुसार तब तक ले सकते हैं जब तक अनारक्षित कोटि की सीटें रिक्त रहे। उल्लेखनीय होगा कि आरक्षण के नियमानुसार अनारक्षित कोटि की जो सीटें, आरक्षित कोटि के अभ्यर्थियों के Jump over के कारण Block हो जायेगा, वे सीटें आरक्षित कोटि की कॉउन्सेलिंग के दिन ही open होगा। अत: आरक्षण कोटियों के वैसे अभ्यर्थी जो सामान्य कोटि (Unreserved [UR]) की मेधासूची में सम्मिलित है उनको अपने (Unreserved [UR]) मेधाक्रम के अनुसार निर्धारित तिथि को कॉउन्सेलिंग हेतु आना अनिवार्य है, अन्यथा उनके मेधाक्रम के नीचे के मेधाक्रम वाले अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित हो जायेंगी जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेवार होंगे। साथ ही आरक्षित कोटि के वैसे अभ्यर्थी जो Block सीटों के साथ-साथ अपने आरक्षण कोटा के रिक्त सीटों के विरुद्ध सीट आवंटन की इच्छा रखते हैं, उन्हें अपने आरक्षित कोटा के कॉउन्सेलिंग के दिन भी आना होगा।

**10.** जो उम्मीदवार इस विज्ञापन की कंडिका-1 एवं कंडिका-2 के अनुसार इस कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये पात्रता प्राप्त (eligible) हैं उनको इस साक्षात्कार हेतु अलग से कॉउन्सेलिंग पत्र नहीं भेजा जा रहा है । **ऐसे उम्मीदवारों ने यदि उपरोक्त कंडिका-2 के अनुसार निर्धारित तिथि तक कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए Online Willingness submit किया है तो वे इस सूचना के आधार पर उपरोक्त कंडिका-2 के अनुसार वेबसाईट से कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम प्राप्त करने के बाद, निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार में निश्चित् रूप से उपस्थित होंगे अन्यथा उनको अनुपस्थित मान लिया जायेगा जिसके लिये पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा । जो उम्मीदवार निर्धारित तिथि तक Online Willingness submit नहीं करेंगे, वे कॉउन्सेलिंग में भाग लेने के योग्य नहीं होंगे ।**

**11.** मुद्रण अथवा टाइपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होंगे ।

**परीक्षा नियंत्रक**